राम अवध में पधारे

बरसों का हुआ इंतजार खत्म,
आयी ख़ुशी की बहारे,
आज प्रभु राम अवध में पधारे।।

आओ सखी चलो मंगल गाओ,
हर आँगन में दीप जलाओ,
ढोल, नगाड़े, शहनाई,
खुशियाँ खड़ी है द्वारे,
आज प्रभु राम अवध में पधारे।।

जय श्री राम के नाम से देखो,
गूँज उठी है चारो दिशाए,
ऋषि मुनियों की धरती,
राम के पाँव पखारे,
आज प्रभु राम अवध में पधारे।।

आज अयोधा नगरी को देखो,
क्या दुल्हन सी खूब सजी है,
राम के नाम से चमक रहे है,
सूरज चाँद सितारे,
आज प्रभु राम अवध में पधारे।।

प्रभु राम की लीला न्यारी,
इन पर जाए जग बलहारी,
पतितावन राम हमारे,
सभी को भव से तारे,
आज प्रभु राम अवध में पधारे।।

जय सिया राम बोलो,
जय सिया राम बोलो,
आज प्रभु राम अवध में पधारे........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24547/title/ram-avadh-me-padhare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |